न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री लालुराम पिता जयराम भील निवासी भील बस्ती, देवथडी, तहसील व जिला राजसमन्द — **अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द — **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 09/2025**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 17.02.2025	

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी उपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द से क्रमांक :— आर.टी.आई./2025/94—95 दिनांक 12.02.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी का आवेदन पत्र दिनांक 04.01.2025 का इस कार्यालय को दिनांक 07.01.2025 को प्राप्त हुआ। प्राप्त आवेदन पत्र में बिन्दु सं. 01 से 03 की चाही गई सूचना के संबंध में बिन्दु सं. 01 की सूचना हेतु ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सुन्दरचा पं. सं. राजसमन्द को आवेदन अन्तरित करते हुए बिन्दु सं. 02 व 03 के संबंध में प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्रांक आरटीआई/25/59—60 दिनांक 20.01.2025 सूचनार्थ प्रेषित किया गया। इस कार्यालय को प्राप्त आवेदन पत्र के बिन्दु संख्या 02 में चाही गई सूचना के संबंध में ग्राम, पटवार हल्का एवं पत्रावली संख्या की पूर्ण जानकारी अंकित नहीं होने से सूचना उपलब्ध कराया जाना संभव नहीं है। इस कार्यालय को प्राप्त आवेदन पत्र के बिन्दु संख्या 3 में चाही गई सूचना के संबंध में आदेश क्रमांक दिनांक की पूर्ण जानकारी अंकित नहीं होने से सूचना उपलब्ध कराया जाना संभव नहीं है। अतः उपरोक्तानुसार सूचना के संबंध में पूर्ण जानकारी अंकित नहीं होने से सूचना उपलब्ध कराया जाना संभव नहीं है। अतः उक्त अपील को खारिज फरमाया जाने की कृपा करावे।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई बिन्दु संख्या 1 की सूचना ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सुन्दरचा पं. सं. राजसमन्द से संबंधित होने से ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सुन्दरचा पं. सं. राजसमन्द को अंतरित की गई। इस संबंध में अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि बिन्दु संख्या 1 की सूचना के लिए नियमानुसार आवेदन कर

वांछित सूचना प्राप्त करें तथा बिन्दु संख्या 2 व 3 की सूचना के संबंध में प्रार्थी को लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द के पत्रांक आरटीआई/25/59–60 दिनांक 20.01.2025 से सूचित कर दिया जाने से उक्त अपील को इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार राजसमन्द को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)